TO DECREASE THE UNEMPLOYMENT RATE

14/16/512 (104) SH. BALRAJ KUNDU (MEHAM)

Will the Chief Minister be pleased to state:-

a) whether it is a fact that approximately 2 lac permanent posts are lying vacant in all the Departments of the State; and

b) if so, the scheme of the Government to decrease the unemployment rate by making permanent recruitment on the said vacant posts together with the details thereof?

MANOHAR LAL, CHIEF MINISTER

Sir,

a) The vacancy position of permanent posts is a dynamic figure that keeps changing. As per the Human Resource Management System, presently 2,02,576 permanent posts are lying vacant in various Departments of the State.

b) In order to make recruitment against permanent posts, Haryana Public Service Commission and Haryana Staff Selection Commission are regularly advertising posts on the basis of requisition sent by various Departments/Boards/Corporations. At present, both Commissions have advertised more than 55,000 posts, the recruitment process for which is underway.

It must be pointed out that government provides only a small percentage of the employment opportunities in the State which are largely contributed by different economic activities, viz., Agriculture, Manufacturing Industries, Service Enterprises, Real Estate Sector, Start ups, etc. For promotion of these economic sectors which generate employment opportunities, the government has taken several steps for their promotion and generation of employment.

बेरोजगारी दर कम करने के लिए

14/16/512 (104) श्री बलराज कुंडू (महम)

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

क) क्या यह तथ्य है कि राज्य के सभी विभागों में लगभग 2 लाख नियमित पद रिक्त पड़े है; तथा

ख) यदि हां, तो उक्त पदों पर स्थायी भर्ती करके बेरोजगारी दर को कम करने के लिए सरकार की क्या योजना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

मनोहर लाल, मुख्यमंत्री, हरियाणा

श्रीमान जी।

क) स्थायी पदों की रिक्ति की स्थिति एक गतिशील आंकड़ा है जो बदलती रहती है। मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली के अनुसार, वर्तमान में राज्य के विभिन्न विभागों में 2,02,576 स्थायी पद खाली हैं।

ख) स्थायी पदों पर भर्ती करने के लिए, हरियाणा लोक सेवा आयोग और हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग नियमित रूप से विभिन्न विभागों/बोर्डों/निगमों द्वारा भेजी गई मांग के आधार पर पदों का विज्ञापन कर रहे हैं। फिलहाल दोनों आयोगों ने 55,000 से ज्यादा पदों पर विज्ञापन दिया है, जिन पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है।

यहां यह भी ध्यान दिलाया जाता है कि सरकार राज्य में रोजगार के अवसरों का केवल एक छोटा सा प्रतिशत ही प्रदान करती है, जिसमें बड़े पैमाने पर विभिन्न आर्थिक गतिविधियों, जैसे कृषि, विनिर्माण उद्योग, सेवा उद्यम, रियल एस्टेट क्षेत्र, स्टार्ट अप आदि का योगदान होता है। रोजगार के अवसर पैदा करने वाले इन आर्थिक क्षेत्रों को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं।